Helpline 1064 | 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- चूरू में लॉर्डस इन्टरनेशनल टी.टी. कॉलेज सादुलपुर जिला चूरू का लिपिक 20,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 14 फरवरी शुक्रवार। को एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी चूरू इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये श्री उम्मेद शर्मा लिपिक लॉर्डस इन्टरनेशनल टी.टी. कॉलेज सादुलपुर, जिला चूरू को 20,000 रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने बताया कि एसीबी चौकी चूरू को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी का पुत्र राकेश जो लॉर्डस इन्टरनेशनल टी.टी. कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष का छात्र है कि हाजरी पूर्ण कर परीक्षा में बैठाने तथा इन्टर्नशीप हेतु कॉलेज का लिपिक श्री उम्मेद शर्मा द्वारा प्रथम वर्ष के लिये बीस हज़ार रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी बिकानेर रेंज के **उप महानिरीक्षक श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी की चूरू चौकी के **श्री शब्बीर खान उप अधीक्षक पुलिस** वो नेतृत्व में आज **श्री महेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक** एवं एसीबी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री उम्मेद शर्मा लिपिक को उक्त कॉलेज में 20,000 रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। रिश्वत राशि 20,000 रूपये आरोपी के कब्जे से बरामद किये जा चुके है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निराकरण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।